# जिला चिकित्सालय में ओपीडी पहुंच जा रही है हजार के पार

## मौसमी बीमारी के 50 फीसदी, बुखार व डायरिया से पीड़ित मरीजों की संख्या ज्यादा, दोपहर 1 बजे के बाद ओपीडी में नहीं बैठते चिकित्सक

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली, 4 अगस्त। मौसमी बीमारी बुखार एवं डायरिया का जोर पकड़ा हुआ है। जिला चिकित्सालय मरीजो से पटा हुआ है। आलम यह है कि इन दिनों ओपीडी में मरीजो की संख्या हजार पहुंच जा रही है। जिसमें सबसे ज्यादा बुखार एवं डायरिया के मरीज शामिल हैं। वही दोपहर 1 बजे के बाद अधिकांश चिकित्सक भी नजर नही आते हैं।**

दरअसल इन दिनों जिले में जल जनित बीमारी बुखार एवं डायरिया, सर्दी-खांसी जोर पकड़े हुये हैं। जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में उक्त मरीजो की संख्या बढ़ गई है। आलम यह है कि जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में इन दिनों ओपीडी की संख्या हजार पहुंच जा रही है। आज दिन सोमवार की दोपहर 1 बजे तक ओपीडी में मरीजो की संख्या 873 थी और शाम होते-होते यह संख्या करीब हजार के करीब पहुंच गई। बताया जाता है कि इन दिनों मौसमी बीमारी, बुखार एवं डायरिया तथा खांसी-जुखाम से पीड़ित मरीजो की संख्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। उधर दोपहर 1 बजे के बाद चिकित्सक अपने कक्ष से वार्डो में राउंड लगाने के आड़ में पीछे के दरवाजे से निकल जाते हैं और अधिकांश चिकि त्सक दोपहर 1बजे के बाद अपने-अपने क्लीनिको व नर्सिंग होम में नजर आते हैं। यहां के लिए यह कोई नई बात नही है। अधिकांश चिकित्सक मरीजो को भी जिला अस्पताल में देखने के बाद अपने क्लीनिक में बुला लेते हैं। इस तरह की शिकायतें कई बार आ भी चुकी हैं, लेकिन कुछ चिकित्सक मनमानी पर उतारू हैं और मरीजो का आर्थिक शोषण में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं।



### 3 डिप्टी कलेक्टरों की नोडल ड्यूटी

चिकित्सको पर नकेल कसने के लिए कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने तीन डिप्टी कलेक्टरों को जिला चिकित्सालय की व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के लिए नोडल के रूप में जिम्मेदारी सौपा है। डिप्टी कलेक्टर भी यहां के मनमानी चिकित्सको पर शिकंजा नही कस पा रहे हैं। जिससे दूर दराज से आने वाले मरीज परेशान होते हैं। फिलहाल जिले में इन दिनों मौसमी बीमारी का प्रकोप तेजी से है और ओपीडी में चिकित्सको से जांच कराने वाले मरीजो की संख्या लगातार बढ़ रही है। अस्पताल में बेड भी कम पड़ जा रहे हैं।

# शहर की सड़कों का नामकरण महापुरुषों के नाम पर होगा

## एमआईसी ने लिया निर्णय, रिक्त दुकानें दी जाएगी किराये पर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अगस्त, नगर पालिक निगम रीवा के मेयर-इन-काउंसिल की बैठक महापौर अजय मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, कई प्रस्तावो पर स्वीकृत की मोहर लगी.**



गांधी काम्पलेक्स की रिक्त दुकानो को किराये पर देने का निर्णय लिया गया. साथ ही दुकानो के सामने किये गये अतिक्रमण और सामग्री रखने वालो का आवंटन निरस्त करने का निर्णय लिया गया. शहर की सड?ो का नामकरण महापुरूषो के नाम पर किया जायेगा. नगर निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत स्वामी विवेकानन्द, महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव, सरदार वल्लभ भाई पटेल तथा अन्य महापुषों के नाम पर सड? का नामकरण किये जाने के प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया. बैठक में नगर पालिक निगम रीवा के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी संवर्ग के पदों की पदोन्नति हेतु विभागीय पदोन्नति समिति का गठन किये जाने की अनुमति दी गई. महामृत्युंजय व्यावसायिक काम्पलेक्स एवं गांधी काम्पलेक्स की रिक्त दुकानों को किराये पर दिये जाने का निर्णय लिया गया. साथ ही नगर पालिक निगम रीवा द्वारा आवंटित दुकान/शोरूम के सामने अतिक्रमण/सामग्री रखने, विक्रय करने, आवागमन बाधित करने के कारण आवंटन निरस्त करने का निर्णय लिया गया. गांधी काम्पलेक्स, ''सी-ब्लाक'' मे स्वंय वित्तीय योजना अन्तर्गत निर्माणाधीन दुकानों का आरक्षित मूल्य निर्धारण किया गया. साथ ही नवीन आवासीय परियोजना में प्रथम चरण मार्केट काम्पलेक्स की छत को सम्मिलित कर विकास हेतु ईओआई आमंत्रित करने की अनुमति दी गई. नगर पालिक निगम रीवा सीमा से बाहर सेप्टिक टैंक सफाई कार्य के दर निर्धारण किया गया. लीज नवीनीकरण प्रकरणों की स्वीकृति दी गई.

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में निगम आयुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे एवं मेयर-इन-काउंसिल के सदस्य श्रीमती नीतू अशोक पटेल, धनेन्द्र सिंह बघेल, श्रीमती रमा दुबे, रवि तिवारी, मनीष नामदेव, गुलाम अहमद, श्रीमती गायत्री लखन खण्डेलवाल, श्रीमती सूफिया सहफूज खान, आरती बक्सरिया उपस्थित रहें.

# बिना परमिट के चल रहे दस वाहन जब्त

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 अगस्त। दूसरे प्रांतो से सिंगरौली के एनसीएल के ओबी कंपनियों में डीजल खपाने वालों के विरूद्ध कलेक्टर ने आज जांच करने के लिए संयुक्त टीम जयंत भेजा था।**

जहां डिप्टी कलेक्टर, आरटीओ, खाद्य आपूर्ति अधिकारी की संयुक्त टीम ने जांच किया। इस दौरान 10 वाहन भी बिना परमिट के पाये गये। जिसमें पॉच स्कूल वाहन शामिल हैं। जानकारी के अनुसार कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देश पर आज डिप्टी कलेक्टर नन्दन तिवारी, खाद्य आपूर्ति अधिकारी पीसी चन्द्रवंशी एवं जिला परिवहन अधिकारी, विक्रम सिंह राठौर ने स्टाफ के साथ जयंत के मुड़वानी मार्ग पर वाहनों का विशेष जांच पड़ताल शुरू किया। जिसमें पॉच स्कूली समेत 10 वाहन बिना परमिट के पाये जाने पर जप्त कर कार्रवाई की गई है। वही पॉच हजार रूपये की जुर्माना रसीद भी काटा गया। इस दौरान डीजल टैंकरो के भी जांच की गई। हालांकि आज एमपी डीपो से ही परिवहन करने वाले टैंकर मिले हैं। आरटीओ के अनुसार यह जांच प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।








# वन विभाग ने पकड़ा सागौन से लदा पिकअप

नवभारत न्यूज

**सीधी,4 अगस्त. वन परिक्षेत्र अधिकारी सीधी द्वारा सागौन से लदा पिकअप वाहन पकड?र मामला दर्ज किया गया है।**

बताया गया है कि वाहन क्रमांक एमपी 53 जेडबी 9132 में सागौन के कीमती बड़ी चार नग लोड कर रात 11 बजे मझौली से डेम्हा की ओर जा रहा था। तभी जानकारी मिलने पर वन विभाग द्वारा पीछा किया गया। जिसे कि वाहन सहित पकड़ा गया है। इस मामले में वन परिक्षेत्र अधिकारी सीधी द्वारा बताया गया है कि मध्य प्रदेश अधिनियम के तहत धारा 3, 16, 22 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# शिव मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं की ऑटो पलटी, 13 घायल

## रामपुर नैकिन थाना के झांझ में हुआ सड़क हादसा

नवभारत न्यूज

**सीधी, 4 अगस्त. जिले के रामपुर नैकिन थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम झांझ में सोमवार सुबह शिव मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं की ऑटो के मोड़ में अनियंत्रित होकर पलटने से 13 लोग घायल हो गए।**

हादसे की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को बाहर निकालकर तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन भिजवाया गया। मिली जानकारी के अनुसार झांझ गांव से आज सुबह श्रद्धालु आटो में सवार होकर सावन महीने के अंतिम सोमवार पर आज रीवा जिले के शिव मंदिर जलाभिषेक के लिए



रवाना हुए। कुछ आगे आते ही ग्राम सजहा के पास एक तीखे मोड़ पर ऑटो असंतुलित होकर पलट गई, जिससे ऑटो में सवार 13 लोग घायल हो गए। इस दर्दनाक सड़क हादसा के बाद 108 एंबुलेंस से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन पहुंचाया गया। घायलों में आटो चालक शंकर केवट 31 वर्ष, जगनंदन गोंड 46 वर्ष, संतोष गोंड 36 वर्ष, शिवपूजन सिंह 27 वर्ष, राजबहोर सिंह 32 वर्ष, विजय सिंह 24 वर्ष, सावित्री सिंह 65 वर्ष, रति सिंह 41 वर्ष, राधा सिंह 29 वर्ष, प्रशांत सिंह 9 वर्ष सहित अन्य शामिल हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की डॉ. प्रेरणा त्रिपाठी ने बताया सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर एक्स-रे एवं अन्य जांचें की गई हैं, सभी की हालत स्थिर बनी हुई है। वहीं रामपुर नैकिन थाना प्रभारी सुधांशु तिवारी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर ऐसा प्रतीत होता है कि ऑटो में क्षमता से अधिक सवारी होने के कारण असंतुलन हुआ। राहत की बात यह है कि हादसे में किसी की जान नहीं गई है।

# घटनास्थल से मिले तीन गोली के खोखे, आरोपी को लेकर पहुंची पुलिस

## रविवार को दो पक्षों के बीच हुई थी मारपीट, पुलिस ने कहा था नहीं चली है गोली

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अगस्त, समान थाना अन्तर्गत रविवार को इंदिरा नगर के बगीचे में दो युवको के साथ आधा दर्जन आरोपियो ने मारपीट की थी और गोली चलने की बात कही गई थी. लेकिन पुलिस ने गोली चलने से इनकार किया था. दूसरे दिन जब एक आरोपी को लेकर पुलिस मौके पर पहुंची तो तीन खाली खोखे मिले. साथ ही वारदात में उपयोग किये गये डंडे को भी बरामद किया गया.**

दरअसल रविवार की शाम आधा दर्जन की संख्या में पहुंचे आरोपियो ने बुलेट बाइक में सवार दो युवको को जमकर पीटा था. दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद मोहल्ले में हडकम्प मच गया था. घायलो को परिजन लेकर अस्पताल पहुंचे थे और पुलिस को बताया था कि वारदात के दौरान गोली भी आरोपियो ने चलाई है. लेकिन पुलिस गोली की बात से इनकार करती रही. सोमवार को जब आरोपी किशन रजक निवासी सुन्दर नगर को लेकर मौके पर पुलिस पहुंची तो 32 बोर के तीन खाली खोखे बरामद किये गये. घायल ऋतिक सेन को उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल लाया गया था. वही घायल दूसरे युवक आर्यन सिंह को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस दोनो घायलो से वारदात को लेकर पूंछताछ की थी तो गोली चलने की बात बताई थी. साथ ही स्थानीय लोगो ने भी गोली चलने की बात कही थी.

### सीएसपी कर रहे थे इनकार

शहर एक बार फिर अपराध का गढ़ बनता जा रहा है, दिनदहाड़े यहा गोली चल रही है. आम शहरी अपने को सुरक्षित महसूस नही कर रहे है. सिंघम स्टाइल में काम करने वाले सीएसपी राजीव पाठक भी अपराधियो पर नकेल नही कस पा रहे है. लगातार अपराधी वारदात कर चुनौती दे रहे है. रविवार को जब गोली चलने की बात घायल एवं स्थानीय लोगो ने बताया तो सीएसपी बार-बार यह कहते रहे कि मेडिकल ओपेनियन आने के बाद कुछ कह सकते है. आखिर पुलिस गोली चलने की बात को क्यो दबाना चाह रही थी. आखिर आरोपियो के पास पिस्टल कहा से आई यह जांच का विषय है. बताया गया है कि इंदिरा नगर का बगीचा अपराधियो का अड्डा है और यह पास कालोनी है. यहा अधिकारियों और नेताओं के आवास भी है, फिर भी अपराधियो की धमाचौकड़ी बनी रहती है.


मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन, रीवा (म.प्र.)
फोन - 9425601511/9340714903

प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत निर्माण कार्य 100 सीटर वर्किंग वूमन हॉस्टल सिंगरौली जिला सिंगरौली के कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 14/2025-26 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 2025_MPPHC_441942_1 आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र **दिनांक 23.08.2025 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण Portal : http://www.mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/121410/2025 परियोजना यंत्री


# सिंगरौली में बड़ा फेरबदल, 4 के तबादले

## एडीएम, ननि आयुक्त सहित दो डिप्टी कलेक्टरों का हुआ तबादला

नवभारत न्यूज़

**सिंगरौली 4 अगस्त. प्रदेश सरकार ने आज राज्य प्रशासनिक अधिकारियों में बड़ा फेर बदल किया है.**

आयुक्त नगर निगम डीके शर्मा समेत अपर कलेक्टर के साथ-साथ दो सहित कलेक्टरों का भी जिले से बाहर तबादला कर दिया गया है. जानकारी के अनुसार अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता सिंगरौली से उमरिया, आयुक्त नगर पालिका निगम सिंगरौली दयाशंकर शर्मा का संयुक्त संचालक मंडी ग्वालियर के लिए तबादला किया गया है. वही रीवा में पदस्थ प्रभाशंकर त्रिपाठी को अपर कलेक्टर सिंगरौली बनाया गया है ,साथ ही संयुक्त कलेक्टर राजेश शुक्ला को सिंगरौली से सीधी संयुक्त कलेक्टर, संजीव कुमार पांडे को सिंगरौली से उज्जैन के लिए तबादला किया गया है .जबकि सीधी में पदस्थ प्रशांत त्रिपाठी को सिंगरौली का संयुक्त कलेक्टर के पद पर स्थानांतरित किया गया है.

# मऊगंज में स्कूल बसों की हुई जांच

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अगस्त, रीवा आरटीओ ने मऊगंज जिले में स्कूल बसों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक सघन जांच अभियान चलाया.**

इस अभियान का उद्देश्य स्कूल बसों की भौतिक स्थिति, दस्तावेजों की वैधता और सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करना था, ताकि बच्चों की सुरक्षित यात्रा को बढ़ावा दिया जा सके. अभियान के दौरान, परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा की विशेष टीम ने मऊगंज जिले के विभिन्न स्कूलों की बसों का निरीक्षण किया. जांच में बसों के फिटनेस सर्टिफिकेट, बीमा, चालक के लाइसेंस, स्पीड गवर्नर, अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक चिकित्सा किट और सीट बेल्ट जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा उपायों पर विशेष ध्यान दिया गया. इसके अलावा, बसों में ओवरलोडिंग और रूट परमिट की स्थिति की भी जांच की गई. रीवा आर टी ओ ने बताया हमारा मुख्य उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित करना है.


KOLHAPUR MUNICIPAL CORPORATION, KOLHAPUR
PUBLIC WORKS DEPARTMENT

TENDER NOTICE NO. 46

Online tenders through E-Tendering system are invited from contractors for developing a meeting hall, concreting and guttering the road, asphalting the road, developing Chhatrapati Sambhaj Maharaj Park in various wards of Kolhapur City. The detailed tender notice can be downloaded from the e-tendering website www.mahatenders.gov.in. Date of tender submission from 07/08/2025 09.30 AM to 14/08/2025 at 3.30 PM. Prebid Meeting will be held on 08/08/2025 at 11.00 AM. Tender Opening Date 19/08/2025 at 4.00 pm. Date 04/08/2025

Sd/-
City Engineer
Kolhapur Municipal Corporation



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नागपुर, महाराष्ट्र
All India Institute of Medical Sciences, Nagpur (Maharashtra)
Plot No. 2, Sector - 20, MIHAN, Nagpur, Pin: 441108,
https://aiimsnagpur.edu.in

Advt. No. Admin-I/SR/25/04 Dated: 05/08/2025

Opening Date 05/08/2025 Closing Date 19/08/2025

Under the residency scheme of Govt. of India, **108 Senior Residents (Non-Academic)** are to be recruited for AIIMS Nagpur. In this regard, application is invited by the Executive Director, AIIMS Nagpur.

| Sl. No. | Name of the Department | Number of Vacancy | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | OBC | SC | ST | EWS | Total |
| 1 | Anaesthesiology | 3 | 3 | - | - | 1 | 7 |
| 2 | Anatomy | 1 | - | 1 | - | - | 2 |
| 3 | Biochemistry | - | 1 | 1 | 1 | - | 3 |
| 4 | Burns & Plastic Surgery* | 1 | 1 | - | - | - | 2 |
| 5 | Cardiology* | 2 | - | - | - | - | 2 |
| 6 | Cardiothoracic Surgery* | - | 1 | 1 | 1 | 1 | 4 |
| 7 | Community Medicine | - | 1 | - | - | - | 1 |
| 8 | Dentistry (Paediatric & Preventive Dentistry)@ | - | - | 1 | - | - | 1 |
| 9 | Dentistry (OMFS)@ | - | - | - | - | 1 | 1 |
| 10 | Dermatology | 1 | - | 1 | - | - | 2 |
| 11 | Endocrinology* | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 12 | ENT | - | - | 1 | - | - | 1 |
| 13 | General Medicine | 1 | 2 | - | 2 | 1 | 6 |
| 14 | General Surgery | 1 | 2 | 2 | 1 | - | 6 |
| 15 | Hospital Administration | - | 1 | - | - | - | 1 |
| 16 | Medical Gastroenterology* | 2 | 1 | 1 | - | - | 4 |
| 17 | Medical Haematology* | 2 | 2 | - | 1 | - | 5 |
| 18 | Microbiology | - | - | - | 1 | 1 | 2 |
| 19 | Nephrology* | 2 | 1 | - | - | - | 3 |
| 20 | Neurosurgery* | - | 1 | 1 | - | 1 | 3 |
| 21 | Nuclear Medicine | 1 | 1 | - | 1 | - | 3 |
| 22 | Obstetrics and Gynaecology | 1 | 1 | - | - | 1 | 3 |
| 23 | Ophthalmology | - | 1 | - | - | 1 | 2 |
| 24 | Orthopedics | 1 | 1 | 2 | 1 | | 5 |
| 25 | Paediatrics Surgery* | 1 | 1 | - | - | - | 2 |
| 26 | Paediatrics | - | - | 1 | - | - | 1 |
| 27 | Pathology | 2 | 1 | - | - | 1 | 4 |
| 28 | Physical Medicine and Rehabilitation | - | - | 1 | - | 1 | 2 |
| 29 | Psychiatry | 1 | - | 1 | - | - | 2 |
| 30 | Pulmonary Medicine* | 1 | - | - | 1 | - | 2 |
| 31 | Radiodiagnosis | 3 | 1 | - | - | 1 | 5 |
| 32 | Radiotherapy | - | - | 1 | 1 | - | 2 |
| 33 | Rheumatology and Clinical Immunology* | - | 1 | - | - | 1 | 2 |
| 34 | Surgical Gastroenterology* | 1 | 1 | 1 | - | - | 3 |
| 35 | Surgical Oncology* | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 36 | Trauma & Emergency# | 3 | 4 | 2 | - | 1 | 10 |
| 37 | Urology* | - | 1 | - | - | 1 | 2 |
| | Total | 33 | 31 | 19 | 11 | 14 | 108 |

Pay scale-Rs. 67700/- (As per 7th CPC in Level- 11, Cell No. 1), Allowances as applicable. Please visit our website https://aiimsnagpur.edu.in. For details like Application Form, Eligibility Criteria, etc., and for any info/updates.

Executive Director
AIIMS, Nagpur


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99